उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में छोटी लाइनों को बड़ी लाइनों में बदलना

8824. **श्री चन्द्रिका प्रसाद :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिले विशेषकर वाराणसी और छपरा में छोटी लाईनों में बदलने का इस वर्ष कोई प्रस्ताव है ;

(ख) इन छोटी लाइनों को बड़ी लाइनों मे कब बदला जायगा ;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों के दौरों के समय उन के सामने यह बात उठायी गयी थी कि बेलसरा रोड से सिकंदरापुर होकर मनिअर-बल्लिया तक नई रेल लाइन बिछाई जानी चाहिए तथा बेलसरा रोड से नगरा होकर रसरा तक दूसरी लाइन बिछाई जानी चाहिए ; और

(घ) क्या उन्होंने इस बारे में कोई आश्वासन दिया था और यदि हां, तो अब तक इन लाइनो को न बिछाये जाने के क्या कारण हैं और इन लाइनो को कब तक बिछ या जाएगा?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) (क) और (ख) इस क्षेत्र मे रेलवे की मीटर लाइन बिछी है न कि छोटी लाइन। बाराबकी-समस्तीपुर लाइन जिसका अधिकांश भाग पूर्वी उत्तर प्रदेश मे पड़ता है और जो छपरा में होकर गुजरती है, के आमान-परिवर्तन का काम पहले से ही हो रहा है। आशा है, यह काम अप्रैल, 1977 तक पूरा हो जाएगा। वाराणसी-भटनी मीटर लाइन खण्ड को बड़ी लाइन मे बदलने के प्रश्न पर भी विचार किया गया था लेकिन सर्वेक्षण रिपोर्टों की जाच से पता चला था कि इस आमान-परिवर्तन की तत्काल आवश्यकता नही है। इलाहाबाद-वाराणसी मीटर इन खण्ड को बड़ी लाइन मे बदलनेहेतु इंजीनियरिंग एवं यातायात सर्वेक्षण के लिए 1974-75 के बजट में व्यवस्था की गयी है। प्रस्तावित सर्वेक्षणों के पूरा होने पर इस योजना पर आगे विचार किया जाएगा। धन की कठिनाई के कारण केवल उन्ही प्रमुख मीटर लाइन खडों के आमान परिवर्तन पर विचार किया जा रहा है जो संतृप्त अवस्था में पंहुच चुके है। अतः इस क्षेत्र के वाराणसी-फेफना-बालिया-छपरा और इन्दारा-बलिया जसे अन्य खण्डों के आमान परिवर्तन पर अभी विचार नही किया गया है।

(ग) और (घ) इस क्षेत्र में बैलसेरे रोड नाम का कोई स्थान नही है। सम्भवतः आशय बिलथारा रोड स्टेशन से हैं जो पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी-भटनी मीटर लाइन खण्ड पर स्थित है। इस क्षेत्र में रेलवे लाइनों विशेष रूप से नगारा के रास्ते बिलथारा रोड से रसड़ा तक एक नयी लाइन बनाने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए है। लेकिन नयी लाइनों के लिए उपलब्ध राशि बहुत कम है और वह बड़ी मुश्किल से चालू कामो को पूरा करने और महत्वपूर्ण क्षेत्र से सम्बन्धित अन्य परियोजनाओं के लिए ही पर्याप्त होगी, इसलिए इस क्षेत्र की प्रस्तावित लाइनो को बेहतर दिनों की प्रतीक्षा करनी होगी।

चूंकि नगारा के रास्ते बिलथारा रोड और रसड़ा के बीच इकहरी रेलवे लाइन बनाने पर भी विचार नही किया जा रहा है, इसलिए इन स्टेशनों के बीच दोहरी लाइन बिछाने का प्रश्न नही उठता।

पूर्व रेलवे के स्टेशनों पर पेय जल की व्यवस्था

8825. **श्री चन्द्रिका प्रसाद :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्व रेलवे के प्रत्येक स्टेशन पर पेय-जल एवं पानी पिलाने वालों की पर्याप्त व्यवस्था नही है और यदि हां तो ऐसी व्यवस्था करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी): पूर्व रेलवे के सभी स्टेशनों पर पेय जल की पर्याप्त व्यवस्था है।